एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अपनी अपकमिंग मूवी दिल बेचारा को लेकर बोले सुशांत सिंह राजपूत

बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने काफी कम समय में फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग ही मुकाम हासिल कर लिया है। छोटे पर्दे की ही तरह उन्हें बड़े पर्दे पर भी दर्शकों का खूब प्यार मिला है। वह भी जिन फिल्मों में नजर आए, सभी में शानदार ऐक्टिंग की। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म केदारनाथ से तो उन्हें जबरदस्त सफलता मिली है। इसके बाद अब सोनचिरैया को लेकर भी काफी उम्मीदें हैं।



बता दें कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुशांत सिंह राजपूत ने अपनी आने वाली फिल्म दिल बेचारा को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में वह किस तरह की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि वह फिल्म सोनचिरैया के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि दिल बेचारा जो कि पहले किजी और मैनी के टाइटल से बन रही थी, यह जॉश बोनी की फिल्म का हिंदी अडॉप्शन है। उन्होंने बताया कि यह जॉन ग्रीन के पॉप्युलर नॉवल द फॉल्ट इन ऑवर स्टार्स पर आधरित है। बता दें कि फिल्म को मुकेश छाबड़ा डायरेक्ट कर रहे हैं।

सुशांत ने कहा कि दिल बेचारा के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। उन्होंने नॉवल भी पढ़ी और हॉलिवुड फिल्म भी देखी। सुशांत ने कहा कि उम्मीद है यह फिल्म भी लोगों को बहुत पसंद आएगी।

फिल्म तख्त में भूमि पेडनेकर का रोल है लोगों का खून पीने वाला!

भूमि पेडनेकर की बॉलिवुड में भले ही तीन फिल्में आई हों लेकिन वह इंडस्ट्री में अपनी जगह बना चुकी हैं। भूमि की फिल्म सोनचिड़िया जल्द आने वाली है और आने वाले साल में उनके पास कुछ बढ़िया प्रोजेक्ट्स भी हैं।

सोन चिड़िया के बाद वह अलंकृता श्रीवास्तव की कॉमिडी सटायर डॉली किटी वो चमकते सितारे में दिखाई देंगी, जिसमें उनके साथ कोंकणा सेन शर्मा भी होंगी। फिल्म के बारे में भूमि बताती हैं कि यह मूवी विमिनहुड पर है। उन्होंने कोंकणा के काम की तारीफ भी की। भूमि करण जौहर की फिल्म तख्त में भी दिखाई देंगी।

उन्होंने इसमें अपने रोल के बारे में ज्यादा तो नहीं पर हिंट दी। भूमि कहती हैं, मैं भारत के सबसे अमीर परिवार का हिस्सा बनने वाली हूं, इसलिए यह भी एक बदलाव है। भूमि ने यह भी बताया कि तख्त में वह ऐसे किरदार में नजर आएंगी जो लोगों का खून पीती है। बता दें कि अभी तक वह ग्लैमरस और बहुत रिच रोल में नजर नहीं आई हैं। इसके अलावा भूमि कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडेय की फिल्म पति, पत्नी और वो में भी नजर आएंगी। वहीं अनुराग कश्यप की फिल्म सांड की आंख में वह तापसी पन्नू के साथ नजर आएंगी।

लीला की शूटिंग करना चुनौतीपूर्ण रहा : हुमा

अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है कि दीपा मेहता के शो लीला की शूटिंग करना उनके लिए बहुत मुश्किल रहा है।

हुमा ने कई प्रस्ताव ठुकराए और अपना पूरा छह महीने का समय इस शो को दिया।

हुमा ने एक बयान में कहा, यह बहुत मुश्किल भरी शूटिंग थी, जब कभी-कभी हम लगातार 14-16 घंटे शूटिंग करते थे।

उन्होंने कहा, ध्यान न भटके इसलिए शूटिंग पर मैं अक्सर फोन स्विच ऑफ कर देती थी। मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ इस किरदार को निभाना चाहती थी।

लीला पिछले साल सिंगापुर में एक कॉन्फ्रेंस में नेटफ्लिक्स द्वारा घोषित किए गए एशिया में बने 17 ओरिजनल शोज का हिस्सा है।

सलमान खान को असली किंग मानते हैं अजय देवगन, वजह मजेदार

अजय देवगन करीब एक साल के बाद फिल्म टोटल धमाल से बड़े पर्दे पर दिखाई दिए हैं। फिल्म को भले ही मिक्स से लेकर नेगिटिव तक रिव्यू मिल रहे हों लेकिन बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई हो रही है। दर्शक इस फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में प्रमोशन के दौरान अजय देवगन, रीतेश देशमुख, अनिल कपूर और डायरेक्टर इंद्र कुमार से एक इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि फिल्म इंडस्ट्री में ऐसा कौन सा ऐक्टर है जो किंग की तरह जिंदगी जीता है। इस पर सबके मजेदार जवाब मिले।

अनिल कपूर ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह अपना जीवन किंग की तरह जीने की कोशिश करते है, अजय और रीतेश ने भी मजेदार जवाब दिए। अजय देवगन ने कहा कि राजा की तरह जीवन जीने का मतलब सिर्फ पैसे से नहीं होता जिस पर रीतेश ने कहा, जो जिंदगी अपने हिसाब से जीता है वही राजा होता है, इस हिसाब से हम सब अपने घर के राजा हैं।

इस पर अजय ने कहा कि इस हिसाब से तो सलमान खान अपनी जिंदगी किंग साइज जीते हैं क्योंकि वह बिना रानी के राजा हैं। इसलिए वह अपना जीवन वाकई में अपने हिसाब से जीते हैं। अनिल कपूर ने उनकी बात काटते हुए कहा कि चीन के साथ किंग की तरह जीना और भी खूबसूरत होता है।

इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी फिल्म टोटल धमाल 22 फरवरी को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में माधुरी दीक्षित भी हैं।

जानवरों के लिए अस्पताल खोलेंगी अनुष्का शर्मा

अनुष्का शर्मा को जानवरों से प्यार है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। वह जानवरों की देखरेख के लिए कई कार्यक्रमों में भी शामिल होती हैं। अब खबर है कि वह जानवरों का एक अस्पताल शुरू करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने जमीन भी ले ली है।

अनुष्का शर्मा ने शाहपुर तालुका के दहगांव में अस्पताल बनाने के लिए जमीन ली है। बता दें कि अनुष्का को इस जमीन के लिए थाणे के कलेक्टर ऑफिस से क्लियरेंस मिल गई है। अनुष्का ने पिछले साल मई में अपने जन्मदिन पर इस प्लान के बारे में बताया था। हालांकि, इसका काम 2016 में ही शुरू हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनुष्का शर्मा उसी जमीन पर अपने पिता के लिए एक बंगला भी बनवाना चाहती हैं। उनके प्लान है कि उनके पिता ही इस अस्पताल और शेल्टर होम की देखभाल करेंगे। अनुष्का शर्मा पिछली बार पर्दे पर शाहरुख खान के साथ जीरो में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया था।